हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 7 अगस्त 2025

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 आगामी चार दिन बारिश के आसार नहीं, लोग गर्मी...



07 शिक्षा विभाग के टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के...




## खबर संक्षेप

### नर्मदा कालेज में बीसीए की सीटें अब भी खाली

**नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन BCA सत्र 2025 -26 के प्रवेश प्रारंभ हैं जिसमें कुल सीटें 75 हैं। प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। बीसीए में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र पुराना पुस्तकालय भवन या वाणिज्य विभाग में संपर्क कर सकते हैं। पंजीय 7 से 10 अगस्त तक होंगे।

### यशवर्धन को तैराकी में मिले 2गोल्ड,1 कांस्य पदक



**नर्मदापुरम।** समेरिटंस के तैराक यशवर्धन देखमुख ने सीबीएसई वेस्ट जोन तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। यशवर्धन ने 50 मीटर बटरफ्लाई और 50 मीटर बैक स्ट्रोक तैराकी में स्वर्ण पदक जीते जबकि 100 मीटर बटर फलाई में कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित की गई थी। यशवर्धन की इस उपलब्धि पर स्कूल संचालन समिति और प्राचार्य प्रेरणा रावत ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पॉक्सो एक्ट पर कार्यशाला का आयोजन आज

**नर्मदापुरम।** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पोक्सो अधिनियम) विषय पर जागरूकता और प्रशिक्षण के लिए मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा 7 अगस्त को एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया तथा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष द्रविंद्र मोरे उपस्थित रहेंगे।

### राज्यपाल पचमढ़ी में करेंगे ध्वजारोहण

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल 15 अगस्त को पचमढ़ी के राज भवन में प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण करेंगे। तत्संबंध में सभी तैयारी सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को प्रमुख सचिव नवनीत मोहन कोठारी की अध्यक्षता में राजभवन पचमढ़ी में बैठक आयोजित की गई। प्रमुख सचिव कोठारी ने अवगत कराया कि राज्यपाल मंगूभाई पटेल का 14 अगस्त को ही पचमढ़ी आगमन होगा। 15 अगस्त को महामहिम राज्यपाल राज भवन में ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर राज भवन भोपाल एवं अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## सड़क सुरक्षा अंतर्गत जिला प्रशासन ने जारी किए आदेश

# बिना हेलमेट के अब नहीं मिलेगा पेट्रोल, हो सकती चालानी कार्रवाई

**कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा सडक सुरक्षा अभियान के सुचारू क्रियान्वयन के लिए तहसील स्तर पर टीम गठित की गई है जो अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान के साथ-साथ हेलमेट के संबंध में कार्यवाही करेगी।**

**लोगों को दी हेलमेट लगाने की समझाइश, पेट्रोल पंप पर बताया नो हेलमेट नो पेट्रोल, नई गाड़ी के साथ दें हेलमेट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में एक बार फिर यातायात विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के अंतर्गत लोगों की सुरक्षा के लिए हेलमेट अनिवार्य कर दिया है। कलेक्टर के निर्देश पर सड़क सुरक्षा अभियान के सुचारू क्रियान्वयन के लिए तहसील स्तर पर टीम गठित की गई है जो अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान के साथ-साथ हेलमेट लगाने के लिए जागरूक करेगी। इसी सिलसिले में बुधवार को पुलिस प्रशासन और यातायात विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अभियान चलाया गया जिसमें पेट्रोल पंप, कलेक्ट्रेट कार्यालय, बस स्टैंड सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को हेलमेट के लगाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं आगामी दिनों में हेलमेट न लगाने और यातायात नियमों का पालन न करने पर चालानी कार्रवाई की जावेगी।







दो पहिया वाहन चालक को समझाईश देते हुए। नगर के पेट्रोल पंप पर आरटीओ द्वारा पेट्रोल पंप संचालक और कर्मचारियों को हिदायत दी गई कि बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं दिया जाए। वहीं नई गाड़ियों के विक्रय पर ग्राहकों को हेलमेट भी साथ में फ्री दिया जा रहा है।

### 52 चालान कर 17.600 जुर्माना वसूल किया

नर्मदापुरम जिले में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत हेलमेट न पहनने वाले चालकों के विरुद्ध बुधवार 6 अगस्त को एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिला परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा और डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा के नेतृत्व में अंबेडकर चौराहा और सतरस्ता पेट्रोल पंप पर कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान हेलमेट न पहनने वाले चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई और कुल 52 चालान कर 17600 जुर्माना वसूल किया गया।

## आरोपियों सहित 300 क्वार्टर अवैध मदिरा की गई जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर के निर्देशन मार्गदर्शन टीम गठित गठित कर सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और नर्मदापुरम माखन नगर मार्ग से नर्मदापुरम के दो युवकों घर दवोचा दोनों जुपिटर स्कूटी से 300 क्वार्टर अवैध मदिरा चार पेटी में रखकर माखन नगर ले जा रहे थे। टी आई मदन लाल पंवार ने बताया दोनों भाग रहे थे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा उनसे पूछताछ की गई उनके पास जप्त की गई शराब के कोई वैध कागजात नहीं थे आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 34 /2 में मामला दर्ज कर स्कूटी कीमत एक लाख और शराब कीमत 24000हजार मसरूका कुल 124000 जप्त किया। पुलिस ने अंकेश 21वर्ष पिता प्रेम मांझी निवासी एकता चौक दूसरा अभिषेक मेहरा 21 वर्ष वर्ष निवासी पीली खंती नर्मदापुरम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया। इस दौरान की गई कर्रवाई में ए एस आई वीरेंद्र शुक्ला, प्रधान आरक्षक अजय, तरुण चंदेल, आरक्षक अर्जुन, चालक आरक्षक राकेश मेहरा, की मुख्य भूमिका रही।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

**नर्मदापुरम।** जिला नर्मदापुरम अंतर्गत विभागीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की वर्ष 2024 की चौथी बैठक कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना की अध्यक्षता में 07 अगस्त 2025 गुरूवार को दोपहर 12:00 बजे से जिला कार्यालय के रेवा सभा कक्ष में आयोजित की गई है।

### कुछ मिंटों मे बना दी हांडीखोह की हुबहू पेंटिंग



**पचमढ़ी।** नगर पहुंचे एक दंपती ने हांडी खोह पर्यटन स्थल पर मात्र 55 मिनट में हांडी को की पेंटिंग बना दी जिसे देखकर सभी पर्यटक हक्के-बक्के नजर आए। पेंटिंग काफी सुंदर थी पर्यटक दंपती ने पेंटिंग को वहां दुकान चला रहे हैदर शाह को भेंट किया।

## एसटीआर गाइड देवा को छावनी परिषद ने प्रोत्साहन स्वरूप स्नेक रेस्क्यू किट की प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी से देवेंद्र अहिरवार जो सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में गाइड भी है और शहर में जो सांप घरों में घुस जाते हैं उन्हें रेस्क्यू भी करते हैं। छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा देवेंद्र के इस उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी राहुल गजभिए एवं पार्षद संजय लेडवाणी द्वारा देवेंद्र अहिरवार को इ1 रेस्क्यू किट भेंट की गई। राहुल गजभिये सीईओ छावनी परिषद ने बताया कि पर्वतीय स्थल होने के कारण पचमढ़ी के छावनी क्षेत्र में भी आए दिन सांप निकालने की खबर सुनाई देती है और हमने यह पाया है कि देवेंद्र अक्सर इन जगहों पर पहुंचकर सांप को रेस्क्यू करते हैं। इसी उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए हमने प्रोत्साहन स्वरूप यह किट देवेंद्र को भेंट की है आशा करते हैं देवेंद्र सुरक्षा के साथ



निस्वार्थ भाव से यह कार्य करते रहेंगे। इस दौरान देवेंद्र ने बताया कि रहवासी इलाकों में सांप दिखना एक आम बात है, खासकर जब मौसम गर्म होता है। ऐसे में घबराने की बजाय कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना बहुत महत्वपूर्ण है। जिससे सांप से बचाव किया जा सकता है।

## सिल्वर मिस्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड रेत कंपनी ने स्कूल में दी 25 बेंच और डेस्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सिल्वर मिस्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड रेत कंपनी द्वारा जिला खनिज अधिकारी देवेश मरकाम के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक शाला मेहराघाट में 25 बेंच ओर डेस्क वितरित किए गए। इसका मुख्य उद्देश्य अब बच्चों को जमीन पर दरी पर बैठकर पढ़ाई नहीं करनी होगी बल्कि निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे भी बेंच पर बैठेंगे और सामने रखे अपने डेस्क पर अपनी किताबें रखेंगे। सरकारी स्कूलों में भी निजी




स्कूल जैसा माहौल दिखाई देगा। बरसात के मौसम को देखते हुए नीचे बैठने में जीव जंतु का डर भी बच्चों में बना रहता है ,स्कूल में बेंच ओर डेस्क देखकर सभी बच्चों में खुशी का माहौल दिखाई दिया। ओर इससे उनका उत्साहवर्धन भी हुआ। इस अवसर पर जिला खनिज अधिकारी देवेश मरकाम जी,खनिज निरीक्षक कृष्णकांत परस्ते,ग्राम सरपंच कोधुराम मेहरी, स्कूल प्रधानाध्यापक संतोष साहू ,सुरेश बरेले के साथ साथ कंपनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## जिले के 3 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक आदेश हुए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोनिया मीना द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत तीन प्रकरणों में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें से दो अनावेदकों को थाना में साप्ताहिक हाजिरी हेतु आदेशित किया गया है तथा एक अनावेदक के विरुद्ध धारा 129 के अंतर्गत प्रतिरोधात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश अनुसार थाना देहात अंतर्गत जितेन्द्र उर्फ जित्तू कीर पिता पुरुषोत्तम कीर, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम निमसाडिया को आगामी तीन माह तक प्रत्येक मंगलवार देहात थाना नर्मदापुरम में हाजिरी देने हेतु आदेशित किया गया है।

इसी प्रकार थाना माखननगर अंतर्गत बंटू उर्फ विशाल पिता सरवन कुचबंदिया, उम्र 40 वर्ष, निवासी नसीराबाद रोड, तहसील माखननगर को भी प्रत्येक मंगलवार को आगामी तीन माह तक थाना देहात नर्मदापुरम में हाजिरी देने हेतु आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही थाना माखननगर अंतर्गत विष्णु उर्फ राहुल पिता राजू कहार, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम रजौन, तहसील माखननगर, जिला नर्मदापुरम के विरुद्ध कलेक्टर मीना द्वारा एसडीएम को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश पारित किए गए हैं।

## विद्युत विभाग द्वारा जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के विरोध में नगर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को स्मार्ट मीटर के विरोध में महाप्रबंधक मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कम्पनी के महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जबरन स्मार्ट मीटर न लगाने, जिन उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं उनके यहां बहुत अधिक बिल आने की शिकायत पर तुरंत जाँच कर पुराना मीटर लगाने एवं बार बार बिजली गुल होने की समस्या को हल करने की मांग की गई मांग पूरी न होने की स्थिति में पूरे जिले में आंदोलन कर जिला बंद करने की चेतावनी दी गई चर्चा के दौरान महाप्रबंधक भदौरिया



ने नए स्मार्ट मीटर न लगाने एवं शासन से मार्गदर्शन लेने का आश्वासन के साथ ही जिनके यहां अधिक बिल आ रहे हैं उनकी शिकायत पर तुरंत निराकरण करने का आश्वासन दिया। घेराव में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पाण्डेय, पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा, नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रगोपाल मलैया, अनोखी राजोरिया, मीना वर्मा, अजय सैनी, फेजान उल हक, महेश पाण्डेय, जीजी जोसफ, राजेंद्र मिश्रा, श्याम दुबे, अनिल सक्सेना, प्रताप ठाकुर, गुलाम मुस्तफ़ा, विजेंद्र राजपूत, राजेश चौहान, कमलेश बाथरे, कपिल यादव, हेमंत चौधर, अनिल रेकवार, नंदू वर्मा, अमित खत्री आदि मौजूद रहे।

## संसदीय समिति की बैठक में शामिल हुईं सांसद नारोलिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संसद भवन, नईदिल्ली स्थित एनेक्सी में आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति की बैठक 5 जुलाई को आयोजित हुई जिसमें समिति सदस्य के रूप में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया सम्मिलित हुईं। बैठक मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नगरीय विकास की रूपरेखा एवं प्रधानमंत्री आवासों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने मध्यप्रदेश एवं नर्मदापुरम जिले से संबंधित विषयों को प्रमुखता से रखा।

## नार्मदीय ब्राह्मण समाज के निर्वाचन हुए संपन्न मनमोहन पगारे निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नार्मदीय ब्राह्मण समाज इटारसी इकाई के चुनाव श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लकडग़ंज इटारसी में संपन्न हुआ। चुनाव कराने हरदा से पधारे पर्यवेक्षक अशोक पाराशर एवं राजेन्द्र पगारे की उपस्थिति में इटारसी समाज की परंपरानुसार आम सहमति से मनमोहन पगारे को अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किया।

इस अवसर पर इकाई के समस्त पदाधिकारियों की घोषणा सर्वानुमति से की गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद शुक्ला, सचिव प्रमोद पगारे, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र साकल्ले, सांस्कृतिक सचिव राजेंद्र शर्मा, कार्यक्रम सचिव हर्ष पाराशर, प्रचार सचिव सुनील राजवैद्य, सलाहकार समिति में आनंद पारे, संजय सोहनी, एनएल दफ्तरी, अशोक पाराशर, कार्यकारिणी




सदस्य डॉ अतुल पारे, सुशील पाराशर, केशव प्रसाद शर्मा, कमलेश पगारे, एसएन पाराशर नियुक्त हुए। महिला मंडल अध्यक्ष हेतु शकुनतला पारे, उपाध्यक्ष आरती उपाध्याय, सचिव आभा शर्मा, कोषाध्यक्ष वंदना शर्मा, सांस्कृतिक सचिव रिचा पारे, कार्यक्रम सचिव श्वेता पगारे एवं रामायण मंडल प्रभारी पुष्पा पगारे, अचला पारे मंजू पगारे, इंदु पगारे, लता साकल्ले, कल्पना बिल्लोरे, नंदा सोहनी विनीता पगारे, अर्चना सिटोके नियुक्त हुए। कार्यकारिणी सदस्य प्रफुल्ल बाला पाराशर,छमा राजवैद्य, सविता मुदगिल, शक्ति शर्मा,विधा शर्मा, सुषमा चौरे, प्रिया चौरे,लता चौरे, वैशाली पारे, इसी प्रकार युवा अध्यक्ष हर्ष चौरे, उपाध्यक्ष योगेश चौरे, सचिव विकास पगारे, सहसचिव गोपाला सोहनी, सांस्कृतिक सचिव सलोनी राजवैद्य, सेजल पाराशर मनोनीत किए गए।

### राजा भभूत सिंह महाविद्यालय में हुआ संगोष्ठी का अयोजन



**पचमढ़ी।** राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक चल रहे स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं द्वारा नवजात बच्चों के लिए मां के दूध के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने की बात कही गई । कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस शेखर, डॉ सत्य प्रकाश पटेल,डॉ शाफिया जहरा, डॉ अनुज डोनीवाल , श्री सुरेश कुमार दहिकर, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रफुल्ल कुमार टेंभरेकर, महाविद्यालय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## द ब्यूटीफुल ट्री पुस्तक पर हुआ परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित

# मनोहारी शिक्षा के वृक्ष को अंग्रेजों ने नष्ट कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अठारहवीं सदी तक भारत वर्ष की शिक्षा प्रणाली एक मनोहारी वृक्ष की तरह विशाल और सुंदर थी। अंग्रेजों ने इस वृक्ष को देखा और उसकी जड़ों को काटकर उसे खोखला करके सुखा दिया। उसके बाद उन्होंने मनमानी शिक्षा हमपर थोपी और कई भ्रम समाज में फैलाए। यह बात बुधवार को स्थानीय होम साइंस कॉलेज और नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित प्रज्ञा प्रवाह संगठन के अध्ययन समूह बैठकों में प्रोफेसर रवि उपाध्याय ने कही। बैठक में संगठन के प्रांतीय संयोजक धीरेन्द्र चतुर्वेदी, सह संयोजक लाजपत आहूजा और युवा आयाम प्रभारी अभिषेक शर्मा भी उपस्थित थे।




प्रज्ञा प्रवाह के विभाग संयोजक प्रमोद शर्मा ने बताया कि प्रो उपाध्याय ने पुस्तक पर चर्चा करते हुए कहा कि यह पुस्तक समय समय पर ब्रिटिश कलेक्टरों द्वारा शासन को भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर धर्मपाल जी द्वारा लिखी गई है। इसमें तथ्यों के साथ बताया गया कि 18वीं सदी के प्रारंभ तक भारत के हर गांव में एक विद्यालय था। इस प्रकार यहां लाखों विद्यालय संचालित थे। इस विद्यालयों में करोड़ों की संख्या में बच्चे शिक्षा ग्रहण करते थे। इन विद्यालयों में सभी वर्णों के बच्चे एक साथ पढ़ते थे और उनका समूचा दायित्व समाज उठाता था। उन्होंने कहा कि समाज में आज रह यह भ्रम स्थापित है कि भारतीय समाज जातियों में विभाजित था और ब्राह्मण के अतिरिक्त दलितों को पढ़ने का अधिकार नहीं था। जबकि अंग्रेज कलेक्टरों की रिपोर्ट के अनुसार ऐसा नहीं था। सभी वर्णों के बच्चे एक साथ शिक्षा ग्रहण करते थे। अंग्रेजी सरकार ने हमारे शिक्षा के आदर्श मॉडल को न केवल नष्ट किया अपितु समाज को भी विभाजित कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारी शिक्षा पद्धति बच्चों को योग्य बनाती थी। अंग्रेज सरकार ने उनकी मान्यता समाप्त की और एक ऐसी शिक्षा लागू की जो उनके हित में थी। अंत में उन्होंने कहा कि आज हमें यह विचार अवश्य करना चाहिए कि ऐसा क्या हुआ कि हमारी श्रेष्ठ शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त किया गया। हमें यह सोचना होगा कि आगे हमें क्या करना है।

## खबर संक्षेप

### फांसी लगाकर अधेड़ ने की आत्महत्या

**बैतूल।** बैतूल में सोनाघाटी पुलिस चौकी के क्षेत्र में रहने वाले 58 साल के व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक प्रभाकर ठाकरे भारत भारती परिसर में रहते थे और मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। बुधवार देर रात करीब 1 बजे मृतक प्रभाकर को आखिरी बार देखा गया था। वे उस समय कोठे की ओर गए थे। सुबह जब परिजनों ने उन्हें नहीं देखा तो पहले यही समझा कि वे खेत की ओर चले गए होंगे। लेकिन सुबह 5 बजे उनका शव घर के कोठे में फांसी पर लटका मिला। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार, प्रभाकर नियमित रूप से शराब का सेवन करते थे। घटना की रात भी उन्होंने शराब पी थी। बेटे पवन ने बताया कि रात में उन्होंने करीब एक बजे तक टीवी पर न्यूज देखी। फिर वे बाथरूम गए। लौटकर आने के बाद फिर सोने चले गए। रात में घर का पिछला दरवाजा खुला होने पर परिवार को लगा कि वे खेत गए होंगे। सुबह जागने पर पत्नी ने उन्हें घर के पीछे कोठे में फांसी पर लटका पाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। शव के आसपास कोई संघर्ष या चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

### टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत आयोजित की जा रही गतिविधि

**बैतूल।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान 20 मई 2025 से जिले में प्रारंभ है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमा? ने बताया कि अभियान के अंतर्गत टीबी स्क्रीनिंग, एक्स-रे, खखार जांच सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधित जांच एवं उपचार शिविर आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों पर लगाए जा रहे हैं। उन्?होंने बताया कि अभी तक 139 शिविर लगाए गए, जिसमें 1 लाख 53 हजार 796 स्क्रीनिंग, 4869 एक्स-रे एवं 3935 खखार जांच की गई जिसमें से 228 टीबी के मरीज पाये गये, जिनका उपचार प्रारंभ किया जा चुका है। जिला क्षय अधिकारी डॉ आनंद मालवीय ने बताया कि क्षय विभाग बैतूल को एक हैंड हेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन प्राप्त हुई जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाली तकनीक पर काम करती है इस मशीन से टीबी संभावित मरीजों सहित अन्य रोगों का एक्स-रे किया जा रहा है। 100 दिवसीय अभियान अंतर्गत छात्रावासों में केम्प लगाकर एक्स-रे किये जा रहे हैं, विकासखंड स्तर पर उच्च जोखिम समूह वाले व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग जांच एवं उपचार कार्य लगातार किया जा रहा है। साथ ही 186 निक्षय मित्र बनाकर टीबी मरीजों को 149 फूड बास्केट प्रदाय किये गये हैं। 8 दिन से अधिक दिनों से खांसी आना, लगातार वजन कम होना, शाम के समय बुखार आना, कमजोरी महसूस होना या खखार में खून आना या रात्रि में सोते समय पसीना आना ये सब टीबी के संभावित लक्षण हैं। जन समुदाय से अपील है कि यदि आपको या आपके परिवार में किसी को इस प्रकार के लक्षण दिखाई देते हैं तो स्वास्थ्य संस्था में जाकर खखार की जांच एवं छाती का एक्स-रे जरूर करवाएं।

### बारिश की खेंच से सूखने लगी हल्की जमीन की फसलें

# आगामी चार दिन बारिश के आसार नहीं, लोग गर्मी-उमस से परेशान



**बैतूल।** जिले में बारिश की खेंच जारी है। पांच दिन से पानी नहीं बरसा है। तेज धूप निकल रही है। इससे गर्मी बढ़ गई है। इसका सीधा असर सेहत और फसलों पर पड़ रहा है। पानी नहीं मिलने से हल्की जमीन की फसलें तो सूखने लगी हैं। हफ्ता भर और बारिश नहीं होती है तो फसलें प्रभावित होने लगेंगी। अभी हालात यह हैं कि फसलों को न पानी मिल रहा है और न पर्याप्त खाद। इससे किसान खासे परेशान हैं। दरअसल मानसून इस वर्ष ना मान रहा है और न ही सुन रहा है। गुरु पूर्णिमा पर बरसने के बाद से इंद्र रूठे हुए है। बारिश की लंबी खेंच के चलते अब शहरवासी गर्मी और आंचलिक किसान फसलों को लेकर चिंतित है। किसान फसलों की देखरेख में जुटे हैं। लेकिन फसलों की हालत देख उनकी चिंता बढ़ गई है। फसलों के लिए फिलहाल सबसे ज्यादा पानी और यूरिया की मांग है। किसान उमाकांत ने बताया गांव हफ्ता भर बारिश और 15 दिन में फसलों को खाद नहीं मिला तो इन पर बुरा असर पड़ेगा। इससे उत्पादन प्रभावित होगा। बता दे कि इस वर्ष जिले में अभी तक 510.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो पिछले साल से अधिक है। पिछले साल अब तक 490.4 मिमी बारिश हुई थी। जिले की औसत वर्षा 1083.9 मिमी है।

#### अफसरों का दावा, 2584 मीट्रिक टन यूरिया मौजूद

कृषि विभाग के अफसरों के अनुसार जिले में अभी 2584 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। जबकि 63182 मेट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। इसके अलावा जिले को लगातार खाद मिल रही है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कृषक यूरिया के लिए जल्दबाजी न करे। लगातार यूरिया की रैक जिले को मिल रही है। उतना ही यूरिया ले जितना तत्काल जरूरत हो। यूरिया से अधिक उपयोगी नैनो यूरिया प्लस का उपयोग अधिक लाभप्रद है। इसे भी कुछ क्षेत्र में जरूर उपयोग करे। अधिकारियों का कहना है कि सोसायटियों में लगातार खाद की सप्लाई जारी है। सभी किसानों को पर्याप्त खाद दिया जायेगा। खाद को लेकर किसानों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

#### 10 अगस्त से फिर सक्रिय हो सकता है मानसून

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अब 10 या 11 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक फिर से बारिश शुरू होने के संकेत हैं। इस दौरान अच्छी वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, सितंबर में भी अच्छी बारिश की उम्मीद है। विशेषज्ञों के मुताबिक, मानसून ट्रफ लाइन के उत्तर की ओर तराई क्षेत्र में चले जाने से बारिश पर असर पड़ा है। हालांकि बंगाल की खाड़ी में डिप्रेशन बनने की संभावना है, जिससे आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र में अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने अगले 3-4 दिनों तक बारिश की संभावना बहुत कम जताई है। केवल 20प्रतिशत तक बारिश की उम्मीद है, लेकिन वर्तमान मौसम को देखकर भारी बारिश के आसार नहीं हैं। लगातार बारिश रुकने से वातावरण में नमी घट गई है और गर्मी के साथ उमस का एहसास बढ़ गया है। फिलहाल वातावरण में 79त्न तक नमी बनी रहने का अनुमान है, लेकिन बारिश नहीं होने से लोगों को राहत नहीं मिल रही।

#### पांच दिन से बारिश नहीं, अस्पताल में मरीज

जिले में बदलते मौसम के कारण लोगों का स्वास्थ्य बिगडने लगा है। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। सर्दी, बुखार और मौसमी बीमारियों के कारण लोग परेशान हैं। वहीं लगातार बदलते मौसम के कारण मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने लगी है। जिससे डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों के बढने का खतरा बढ़ गया है। इसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने बचाव के लिए उपाय करने की सलाह दी है। जिले में इस बार सामान्य से कम बारिश हुई है। पिछले एक सप्ताह से बारिश का दौर लगभग पूरी तरह थमा हुआ है। तेज धूप, गर्मी और उमस बढने से लोगों के स्वास्थ्य पर असर हो रहा है। बड़ों से ज्यादा बच्चों पर इसका असर है। इस कारण इलाज के लिए जिला अस्पताल में हर दिन ओपीडी में आने वाले मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीज बढ़ गए हैं। सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में भी लोग पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने मैदानी अमले को नियमित जांच करने के लिए कहा है, ताकि डेंगू-मलेरिया से बचाव हो सके।

## कन्या महाविद्यालय में स्तनपान जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय स्तनपान जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्तनपान के महत्व एवं इससे जुड़े स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करना था। संगोष्ठी की मुख्य वक्ता अर्चना तिवारी (महिला एवं बाल विकास) रहीं, जिन्होंने स्तनपान से शिशु को होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशेष वक्ता श्रीमती श्वेता वालंबे (महिला एवं बाल विकास) ने माताओं के स्वास्थ्य पर स्तनपान के सकारात्मक प्रभावों पर व्याख्यान दिया। वहीं, चिकित्सक डॉ. शीतल मोरे ने स्तनपान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। डॉ. साधना डहेरिया ने भी स्तनपान के महत्व पर छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विद्या चौधरी ने की। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे स्तनपान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मेघा मालवी ने किया तथा सरिता झारे ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया।

## पटवारी से मारपीट व शासकीय कार्य में बाधा डालने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** पुलिस ने पटवारी से मारपीट एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 25 जुलाई को फरियादी पटवारी राजेन्द्र पिता सुखदेव बैठे, (30 वर्ष) निवासी गौठाना थाना गंज ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने पटवारी हल्का क्रमांक 36 खंजनपुर के भ्रमण पर था। भ्रमण के दौरान पार्षद दुर्गा वार्ड संतोष भलावी का फोन आया, जिसमें बताया गया कि भूखण्ड एवं नाली की जांच के लिए नगरपालिका का दल मौके पर मौजूद है, जिसमें आपकी उपस्थिति आवश्यक है। फरियादी शाम लगभग 5.45 बजे स्थल पर पहुँचा, जहाँ नगरपालिका दल, नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड के अन्य निवासी मौजूद थे। मौके पर भूखण्ड की लंबाई व चौड़ाई का माप लिया जा रहा था, तभी राजीव पिता अशोक मिश्रा, निवासी खंजनपुर, गंज वहाँ आया और माप को गलत बताते हुए फरियादी को गाली-गलौज कर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया तथा उसके साथ मारपीट की। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना गंज में आरोपी के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट करने एवं एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान आरोपी राजीव पिता अशोक मिश्रा को गिरफ्तार किया गया।

### तिरंगा यात्रा के साथ निकलेगी शोभायात्रा

## ग्राम सिमोरी में 79 फीट लंबी राखी पेड़ों को बांधकर मनाया जाएगा रक्षा बंधन का पर्व

**बैतूल।** ग्राम सिमोरी में इको क्लब के तत्वाधान में इस वर्ष रक्षाबंधन पर्व को अनोखे और प्रेरणादायी रूप में मनाया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम, एक राखी पेड़ के नाम थीम के तहत ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, सैनिकों और स्कूली बच्चों द्वारा 8 अगस्त शुक्रवार को पेड़ों को राखी बांधी जाएगी। इस अवसर पर 79 फीट लंबी विशेष राखी तैयार की गई है, जो 79वें स्वतंत्रता दिवस वर्ष को समर्पित है। यह विशेष राखी स्कूली बच्चों के साथ ममता गौहर, राधिका पटैया एवं इको क्लब के सहयोग से तैयार की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह ग्राम सिमोरी में शहीद अमृतादेवी विश्नोई के पूजन के साथ होगी। इसके बाद बच्चों और



ग्रामीणों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जो शोभायात्रा के रूप में गांव में घूमते हुए पेड़ों तक पहुंचेगी। वहां पर ढोल-नगाड़ों और पर्यावरण संरक्षण के नारों के साथ 79 फीट लंबी राखी पेड़ों को बांधी जाएगी। संस्था के प्रधान पाठक शैलेंद्र बिहारिया ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को पेड़ों से भावनात्मक रूप से जोडऩा है ताकि वे पेड़ों को केवल प्राकृतिक संपत्ति नहीं, बल्कि अपने भाई की तरह समझें और उनकी रक्षा करें। पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, इसलिए हमें उनकी रक्षा करनी चाहिए। इस आयोजन में ग्राम सिमोरी के सरपंच, पंच, सैनिकगण, ग्रामीणजन, विद्यालयीन छात्र-छात्राएं, इको क्लब के सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाएगा।

## फूड फॉरेस्ट से खदारा गांव बना हरियाली का उदाहरण

**बैतूल।** जैव विविधता को संरक्षित करने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से खदारा गांव में एक प्रेरणादायक पहल की गई है। 5 अगस्त को एकता ग्रामीणजन सहयोग संस्था द्वारा ग्राम खदारा में फूड फॉरेस्ट का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इस अभिनव प्रयास में संस्था के सदस्य श्याम बेलवंशी, राजेश्वरी साहू सहित ग्राम के कई युवा और स्कूली बच्चों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर संस्था से जुड़े वैभव सिंह ने फूड फॉरेस्ट की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केवल मानवों के लिए ही नहीं, पशु-पक्षियों और कीट-पतंगों जैसे समस्त जीवों के लिए भी प्रकृति के अनुरूप खाद्य उपलब्ध कराने की सोच के साथ यह प्रयास किया ।

### बिजली कर्मचारी महासंघ ने प्रबंध संचालक के नाम सौंपा ज्ञापन

## संविदा कर्मचारियों की नियमितीकरण की मांग को लेकर बिजली कर्मचारियों ने निकाली रैली

**बैतूल।** संविदा पर कार्यरत बिजली कर्मचारियों को नियमित किए जाने की मांग को लेकर बुधवार को भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बिजली कर्मचारी महासंघ के नेतृत्व में रैली निकाली गई। इसके पश्चात प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, भोपाल के नाम महाप्रबंधक संचा/संधा, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल वृत्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते हुए पूर्व प्रदेश महामंत्री मधुकर साबले ने कहा कि संविदा कर्मचारियों की मांगें पूरी तरह से जायज हैं और लंबे समय से नियमितीकरण की मांग को लेकर संघर्ष किया जा रहा है। उन्होंने




बताया कि भारतीय मजदूर संघ इन मांगों को लेकर गंभीर है और हर स्तर पर प्रयास कर रहा है ताकि कर्मचारियों को उनका हक मिल सके। रैली में बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली के बाद बिजली कर्मचारी महासंघ के कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन महासंघ के सचिव विजय यादव ने किया। कार्यक्रम का समापन भी अध्यक्ष चंद्रभान पंडाग्रे द्वारा किया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में भारतीय मजदूर संघ के पूर्व महामंत्री मधुकर साबले, विभाग प्रमुख विनय डोंगरे, अध्यक्ष संपत दरवाई, जिला मंत्री पंजाबराव गायकवाड, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश मंसूरिया, पर्वतराव ठाकरे, बिजली कर्मचारी महासंघ के वृत्त अध्यक्ष चंद्रभान पंडाग्रे, सचिव विजय यादव, संतोष शिंदे, संतोष गुप्ता आदि शामिल थे।

### मप्र विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

**बैतूल।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन शाखा बैतूल की मासिक बैठक आज 7 अगस्त गुरुवार को दोपहर 12 बजे से कैंपन हाउस, लिंक रोड, बैतूल में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डी के तिवारी करेंगे। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सभी सदस्यों से अपील की गई है कि वे समय पर बैठक में उपस्थित होकर एसोसिएशन की गतिविधियों में सहभागिता प्रदान करें।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत आमला में विविध राष्ट्रभक्ति गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले के आमला क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में देशभक्ति से ओतप्रोत गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आमजन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना एवं स्वतंत्रता दिवस के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अभियान के तहत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंधारियां, इंडियन पब्लिक स्कूल इटावा, के सोनी प्ले स्कूल आमला सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों द्वारा रैली, पेंटिंग, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण एवं तिरंगा फहराकर देशभक्ति पूर्ण संदेशों का प्रसारण किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं गर्व की भावना को प्रकट किया। जिले में हर घर तिरंगा अभियान को तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहला चरण 2 से 8 अगस्त तक, दूसरा 9 से 12 अगस्त तक तथा तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त 2025 तक संचालित होगा। प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से आह्वान किया गया है कि वे अपने घरों में तिरंगा फहराकर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को और सशक्त करें।

### किसानों को उन्नत बीज, कीटनाशकों व अन्य कृषि उपयोगी सामग्रियों की दी जानकारी

## रबी सीजन की तैयारी को लेकर किसान उत्पादक संगठनों की बैठक आयोजित




**बैतूल।** जिले की 6 विकासखंड के किसान उत्पादक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, निदेशक मंडल और लेखाकारों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं परामर्श बैठक का आयोजन बाएफ लाइवलीहूड्स, मध्यप्रदेश के रीजनल कार्यालय बैतूल में किया गया। इस बैठक का आयोजन भारतीय राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड द्वारा वित्तीय सहयोग और बाएफ द्वारा तकनीकी सहयोग के अंतर्गत किया गया। इसका उद्देश्य आगामी रबी मौसम की तैयारियों पर चर्चा करना और विभिन्न कृषि कंपनियों के उत्पादों की जानकारी प्रदान करना था। बैठक में भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी संस्था (इफको), यूपीएल, बॉयर, एडवांटा बीज, श्रीराम बीज, मैनकाइंड एग्रीटेक, बेस्ट एग्रो और फसल अमृत आदि जैसी अग्रणी कृषि कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कंपनियों ने अपने उन्नत बीजों, उर्वरकों, कीटनाशकों और अन्य कृषि उपयोगी सामग्रियों की विस्तृत जानकारी दी। इसके माध्यम से किसान उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों को गुणवत्तायुक्त आदान प्राप्त करने और किसानों को उचित दरों पर बेहतर समाधान देने हेतु मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस बैठक ने किसान उत्पादक संगठनों और कृषि कंपनियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद की एक मजबूत कड़ी स्थापित की। प्रतिनिधियों को कंपनियों के साथ सीधे बातचीत करने, उत्पादों की गुणवत्ता, मूल्य और आपूर्ति शर्तों को समझने का अवसर मिला। इससे न केवल किसान संगठनों को दीर्घकालीन व्यापारिक साझेदारी विकसित करने में सहायता मिली, बल्कि किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में भी यह एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई।

### विभागीय स्तर पर लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा

## जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए एक दिवसीय पेंशन शिविर संपन्न



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों की अधतन स्थिति की समीक्षा एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक दिवसीय पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। जिला पेंशन अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी मधुसूदन डाहरे ने बताया कि जिले के समस्त विभागों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उनके विभागीय स्तर पर लंबित पेंशन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि अनेक प्रकरण विविध कारणों से लंबित हैं, जिनमें प्रमुख रूप से न्यायालयीन स्तर पर लंबित प्रकरण, विभागीय जांचाधीन प्रकरण, विभागीय स्तर पर प्रशासनिक कारणों से लंबित प्रकरण, लोकायुक्त द्वारा चिन्हित प्रकरण, तकनीकी त्रुटियों के कारण अटके प्रकरण सम्मिलित हैं। जिला पेंशन अधिकारी द्वारा समस्त विभागों को यह निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागीय स्तर पर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर तत्काल निस्तारण करें एवं ऐसे प्रकरणों को शीघ्रता से जिला पेंशन कार्यालय को प्रेषित करें।

### चित्रकला प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों ने उकेरी देशभक्ति की भावना

## कारगिल विजय दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**शाहपुर।** शासकीय महाविद्यालय शाहपुर के सभागृह में राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य भारत के वीर सपूतों की शौर्यगाथा और बलिदान को स्मरण करते हुए देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना रहा। मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. नीतू जायसवाल माहोरे द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस हमें न केवल हमारे सैनिकों के पराक्रम की याद दिलाता है, बल्कि हमें देश के




प्रति अपने कर्तव्यों का भी बोध कराता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति कविताएं एवं भाषण के माध्यम से सैनिकों की वीरता का प्रदर्शन किया गया। महाविद्यालय की एनएसएस संयुक्त इकाइयों ने विशेष रूप से चित्रकला प्रदर्शनी एवं डोक्यूमेनटरी फिल्म के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ में कारगिल विजय दिवस की शौर्य गाथा एवं देशभक्ति का संदेश पहुंचाया। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि एवं कारगिल विजय दिवस के इतिहास पर डॉ. शीतल चौधरी द्वारा प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले समस्त सहभागियों को महाविद्यालय की ग्रंथपाल डॉ. पवन सिजोरिया के तरफ से फाइल फोल्डर प्रदान किये गए।

## संक्षेप खबर

### ब्रह्मकुमारी आश्रम में होगा रक्षाबंधन उत्सव

**माखन नगर।** ब्रह्मकुमारी आश्रम वरदानी भवन आरी रोड पर गुरुवार को सुबह 9:00 बजे दिव्या रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आयोजको ने धर्म प्रेमी नगर वासियो को आमंत्रित किया है।

### पॉवर लिफ्टिंग स्पर्धा में पांडेय ने जीते दो सिल्वर

**इटारसी।** केरल के कोझीकोडी में आयोजित हुई नेशनल मास्टर पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश से नेतृत्व कर रहे इटारसी जिला नर्मदापुरम के प्रेम पांडेय ने दो सिल्वर मैडल जीते हैं।



प्रेम पांडेय ने पिछले दिनों इंदौर में आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश में गोल्ड मैडल जीत कर नेशनल में अपनी जगह पक्की की थी। इस नेशनल चैंपियनशिप में दो सिल्वर जीत कर प्रदेश और अपने जिले का नाम रोशन किया है।

### शिक्षा समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**पिपरिया।** लगातार हो रही बरसात को लेकर विकासखंडशिक्षा अधिकारी लाल रघुवंशी केनिर्देश अनुसार जनपद पंचायत के सभागार में स्थाई शिक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे शिक्षा समितिकी सभापति एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल। जनपद सदस्य कमला हीरालाल रघुवंशी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लाल रघुवंशी संदीपने विद्यालय के प्राचार्य संजीव दुबे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केप्राचार्य अरविंद रघुवंशी विनय मोहन शर्मा प्राचार्य साडियां बीआरसी प्रदीप शर्मा तरौनकला प्राचार्य एवं सभी हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सभी सरकारी स्कूलों के प्रधान पाठक प्राचार्य उपस्थित रहे। बैठक में स्थाईशिक्षा समिति की बैठक में शासन के एजेंडे के अनुसार चर्चाकी गई जिसमें शालाओं में नामांकन दाखिल की जानकारी दी गई। तथा निशुल्क साइकिल वितरण, गणवेश वितरण, मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत लाभान्वितों की जानकारी, छात्र व्रतति की जानकारी, स्कूटी वितरण लैपटॉप वितरण आदि पर चर्चा की गई।

## क्या रक्षाबंधन के पहले मिल जाएगा लगभग 600 कर्मचारियों को वेतन?

# शिक्षा विभाग के टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के सामने वेतन संकट

जिले के सोहागपुर ब्लॉक में बीईओ कार्यालय से जुड़ी शिक्षा व्यवस्था तथा विभागीय प्रबंधन की स्थिति सामान्य ही नहीं हो पा रही है। नया समस्यात्मक मामला विभाग के कर्मियों को माह अगस्त में मिलने वाले वेतन से संबंधित है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




शिक्षा विभाग सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार जुलाई माह के अगस्त में मिलने वाले वेतन की व्यवस्था प्रभावित है। और साथ ही प्रभावित हैं वे लगभग 600 कर्मचारी, जो शिक्षकीय या अशिक्षकीय स्टाफ के रूप में बीईओ कार्यालय से संबंधित होकर सोहागपुर ब्लॉक में कार्यरत हैं।

बताया जाता है कि सोहागपुर ब्लॉक में पांच संकुल केंद्र हैं। जिनके अंतर्गत लगभग 600 वे कर्मचारी हैं, जो कि शिक्षकीय व गैर शिक्षकीय स्टाफ के रूप में सोहागपुर बीईओ कार्यालय से संबंधित हैं। एकमात्र बीआरसी कार्यालय व इसका स्टाफ ऐसा है जिसके वेतन का भुगतान बीईओ कार्यालय से संबंधित नहीं है। इसके अलावा शिक्षा विभाग के समस्त कर्मचारियों का वेतन बीईओ कार्यालय से ही संबंधित है। लेकिन वर्तमान में प्रभारी बीईओ के रूप में कार्यरत राकेश उईके को वेतन आहरण संवितरण अधिकार प्राप्त नहीं हैं। जिसके चलते समस्या बनी हुई है।

### त्यौहारी सीजन की चिंता

शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि तीन दिन बाद रक्षाबंधन का त्यौहार है। और इसके बाद त्यौहारी सीजन शुरू हो जाएगा। लेकिन जुलाई माह के बाद अगस्त माह में मिलने वाला वेतन अभी तक अटका है। यदि यह समस्या लगातार त्यौहारी सीजन में बनी रहती है और वेतन नहीं मिलता है तो तय है कि सभी संबंधित व प्रभावित कर्मचारियों के सामने बड़ी आर्थिक समस्या खड़ी हो सकती है। कर्मचारियों की मांग है कि अव्यवस्था को दूर करते हुए वेतन भुगतान कराया जाए।

### परिवीक्षा अवधि बनी कारण

शिक्षा विभाग सूत्रों का कहना है कि सोहागपुर के प्रभारी बीईओ राकेश उईके पीएससी से चयनित सहायक संचालक शिक्षा विभाग हैं। लेकिन उईके अभी परिवीक्षा अवधि पर हैं। जिसके चलते उन्हें आहरण संवितरण अधिकार प्राप्त नहीं हो सकते हैं। बताते हैं कि माखननगर बीईओ सुषमा पीपरे को सोहागपुर के लिए आहरण संवितरण अधिकार दिए गए हैं। इसके बाद सोहागपुर बीईओ कार्यालय संबंधी कर्मियों को वेतन मिलने की संभावना बढ़ेगी। लेकिन इस स्थिति के बनने की संभावना पहले से ही थी। फिर भी अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं देने से कर्मचारियों में नाराजगी है।

### जल्द भुगतान की संभावना

माखननगर बीईओ को सोहागपुर शिक्षा विभाग की वेतन व्यवस्था के अधिकार दिये गए हैं। उनके हस्ताक्षर वैरीफाई हो चुके हैं। जल्द ही वेतन भुगतान की संभावना है।

**राकेश उईके, सहायक संचालक शिक्षा व प्रभारी बीईओ सोहागपुर।**

### रक्षाबंधन पूर्व कर्मचारियों को वेतन व लंबित एरियर देने की मांग



**इटारसी।** नगर पालिका में सभापति पार्षद मनजीत कलोशिया ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा को ज्ञापन सौंपकर रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे महत्वपूर्ण त्योहार को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका के समस्त कर्मचारियों को वेतन एवं एरियर भुगतान की मांग की है। श्री कलोशिया ने कहा कि सफाई कर्मचारी, जल विभाग, ड्राइवर एवं सामान्य प्रशासन विभाग के समस्त कर्मचारी, नगर पालिका के समस्त प्रशासनिक अमले का वेतन एवं लंबित एरियर्स का भुगतान शीघ्र किया जाए, जिससे सभी कर्मचारी त्योहार को आर्थिक रूप से सहजता के साथ मना सकें।

## पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब, की कार्रवाई, 69 क्वार्टर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गत रात्रि पुलिस चौकी शोभापुर थाना सोहागपुर द्वारा आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है। एएसआई गणेश राय के अनुसार पुलिस ने आशीष पिता पन्नालाल रघुवंशी 36 वर्ष निवासी शंकर मंदिर के सामने रानी पिपरिया के कब्जे से देशी मदिरा पकड़ी है। राय ने बताया कि आशीष रघुवंशी से रानी पिपरिया के समीप की नहर के पास बनी टपरिया से 57 क्वार्टर देशी शराब प्लेन एवं 12 क्वार्टर मसाला मदिरा पकड़ी गई है। इस तरह आशीष से कुल 69 क्वार्टर कीमती 6500 रुपये के जप्त किए गए हैं तथा आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## रिक्त पड़े सरकारी भवनों में रखी ठेकेदारों की सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में कुछ सरकारी भवन रिक्त पड़े हैं। और इनका उपयोग सरकारी कामों के लिए हो सकता है। लेकिन इस श्रेणी के कुछ भवनों को ठेकेदारों ने गोदाम बना रखा है। जहां वे अपनी सामग्री सुरक्षित रूप से रखकर निश्चिंत हो जाते हैं। नागरिकों का कहना है कि इस तरह का काम करने वालों से किराया वसूली की जानी चाहिए।

### मंगनी के लिए पसंद की लॉज बुक ना करने पर पत्नी को पीटा

**शोभापुर।** सोहागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शोभापुर निवासी एक महिला ने अपने पति पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। एएसआई गणेश राय द्वारा जारी प्रेसनोट के अनुसार शोभापुर निवासी आरिफ मोहम्मद के खिलाफ उसकी पत्नी ने रिपोर्ट कराई है। रिपोर्ट अनुसार आरिफ के द्वारा पत्नी से कहा गया की तेरी बहन ने उसकी बेटी की मंगनी के लिए मेरी बताई गई लॉज बुक क्यों नहीं कराई। आरिफ ने कहा कि उसकी बात खराब कर दी। इसी बात पर से आरिफ ने पत्नी से मारपीट की। रिपोर्ट पर आरिफ मोहम्मद निवासी शोभापुर के खिलाफ मारपीट एवं अन्य धाराओं का प्रकरण दर्जकर विवेचना में लिया गया है।

## सुखतवा में हार्डवेयर व्यापारी के युवा बेटे का शव घर में मिला, आत्महत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सुखतवा निवासी एक हार्डवेयर व्यापारी के युवा बेटे का शव उनके कमरे में मिला है, जिसकी गर्दन पिछले हिस्से में धारदार चीज से कटी थी। मामले में आत्महत्या की आशंका जतायी जा रही है।मृतक उपांशु साहू, 22 वर्ष, निवासी हार्डवेयर व्यवसायी अशोक साहू के बेटे थे। बताया जाता है कि मंगलवार रात को उन्होंने एक 1-फुट के ग्राइंडर कटर का उपयोग कर अपनी गर्दन काट ली, जिससे उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। यह घटना 5 अगस्त की रात की है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। यह भयावह घटना तब सामने आई जब सुबह दुकान खोलने का समय हुआ और उपांशु के फोन पर लगातार कॉल किए जाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो परिवार के लोग चिंतित हो गए। उन्होंने मकान की छत पर चढ़कर पीछे के रास्ते से दरवाजा तोड़कर देखा। अंदर का दृश्य बेहद हृदय विदारक था। उपांशु का शव उनके बेडरूम में बिस्तर पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था।

### गांव में मातम व्याप्त

इस घटना की खबर मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। जिसने भी यह दुखद समाचार सुना, वह अचंभित रह गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आखिर किस वजह से उपांशु ने इतना बड़ा कदम उठाया। हालांकि, अभी तक आत्महत्या के कारणों का कोई स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। परिवार और दोस्त भी इस घटना से सदमे में हैं।

## शासकीय वेयरहाउस में रखा खराब गेहूं, नहीं हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



सरकार केदारा समर्थन मूल्य पर मूंग कीखरीदी जी जा रही है उन उपार्जन केदो पर वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक के अधिकारियों की टीम उपार्जित मूंग की जांच कर रही है। लेकिन एक तरफ सरकारी वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन पिपरिया के आठनबर वेयरहाउसमे पीडीएसमेंवितरण होने वाला खराबगेहूं लगाहुआ है। इसके बारे में आरटीआई कार्यकर्ताद्वारा आठ नंबर वेयरहाउस की जानकारी सूचना के अधिकार मेंमागी गईथी जिसकी अपील भी जिला अधिकारी को की गई है। अपील के बाद भी अभी तक जानकारी नहीं दी गईहै। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वेयरहाउस में यहीगेहूं रखाहुआ था जिसे छानकर राशन दुकानों मेंभेजा जा रहा था। जिसमें नान अधिकारी भी शामिल थे। तथा ५ नंबर वेयरहाउसमे भी कनकी लगी हुई थी। कनकी को भी राशन दुकानों मेंभेजा जा रहा था।पर चांवल ग़ायब हो रहा था।आज ८नंबर में वारदाना रख दिया है और खराब गेंहू के अवशेष कै तोर पर लगभग २० कुंतल गेहूं रखा हुआ है। कोईगुड्डा नामक व्यक्ति का बताया जारहा है। आप सवाल खड़ा यह रहा हैकी जो अधिकारी दूसरे अनाज की दूसरे वेयरहाउस की जांच कर रहेहैं। उन्हीं अधिकारीके प्रबंधनमे इस तरह की गड़बड़ी पाई जा रहीहै। पांच नंबरका कनकी चावल गायब करदिए गए हैं। अब खरीदी केंद्र बनाया गया है। इस बारेमे संतोषसोलंकी क्षेत्र अधिकारी भोपाल से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि उन्हें अभीजानकारी नहीं है। मूंग खरीदी की जांच के बाद ५एवं ८नंबर के रिकार्ड लेजर कैमरे की जांच कराई जाएगी। कुछ दिनों तक दोनों अधिकारियों केदारा राशन दुकानों पर कान की वितरण कराई गई तथा चावल गायब हो गया। इसी तरह से गेहूं छान कर भेजा गया और अब गोदामखाली कर दिया गया है।अनेक अनमियताऐ की जा रही हैगिरा हुआ प्रतिदिन बाजारमे जा रहा है स्लीपिंग बैग का अनाज भी वेयरहाउस खोज की आवश्यकता है। अतः लोगो ने जांच की मांग कीहै।

## निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भारत निर्वाचन आयोग के नवीन निर्देशों के पालनार्थ बुधवार छह अगस्त को नई तहसील कार्यालय सोहागपुर के सभागार में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थिति रहे। स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार नवीन मापदंडों में पात्रता अनुसार मतदान केंद्रों के युक्तिकरण तथा विखंडन उपरांत नवीन मतदान केंद्रों की स्थापना सहित मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को नव प्रस्तावों से अवगत कराया गया। स्टैंडिंग कमेटी की इस बैठक में सोहागपुर की नवागत एसडीएम तथा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रियंका भल्लावी द्वारा बताया गया कि सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में 314 मतदान केंद्र स्थापित हैं। जिनमें 1200 मतदाताओं से अधिक संख्या वाले एवं मापदंड के अनुसार मानक दूरी से अधिक दूर स्थित मतदान केंद्रों में नवीन मतदान केंद्रों के प्रस्ताव भी तैयारकर निर्वाचन आयोग को भेजे जाएंगे। आयोग की स्वीकृति उपरांत नव मतदान केंद्रों की स्थापना भी की जाएगी। बैठक में सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजपा नेता विजय छाबड़िया, कांग्रेस नेता नीरज चौधरी आदि मौजूद रहे।

## किसी अन्य व्यक्ति के खाते में जमा की सेवानिवृत्त शिक्षक की भविष्य निधि की राशि

### 15 अगस्त को कार्यालय के सामने आत्मदाह की सेवानिवृत शिक्षक की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर निवासी एक सेवानिवृत शिक्षक की भविष्य निधि अन्य व्यक्ति के खाते में जमा कर दी गई है। जिसकी लिखित शिकायत पीड़ति ने सोहागपुर एसडीएम से की है। पीड़ति ने समस्या समाधान ना होने पर 15 अगस्त को आत्मदाह करने का उल्लेख पत्र में किया है।

सेवानिवृत शिक्षक पीएस गढ़वाल ने एसडीम सोहागपुर के नाम दिए गए आवेदन में उल्लेख किया है कि वे शासकीय शिक्षक के रूप में सोहागपुर ब्लॉक में कार्यरत रहे हैं।

अर्धवार्षिकी आयु फरवरी 2025 में पूर्ण होने पर गढ़वाल सेवानिवृत हो गए। समस्या यहां से शुरू हुई तथा सेवानिवृत्ति के बाद गढ़वाल के भविष्य निधि का फंड किसी दूसरे के खाते में जमा कर दिया गया है।

गढ़वाल के अनुसार यह अधिकारियों की लापरवाही का उदाहरण है, जिसके कारण आज तक गढ़वाल को पैसा नहीं मिला है। और बार-बार गढ़वाल संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जिससे उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा हैत्र

### स्वतंत्रता दिवस पर आत्मदाह की चेतावनी

एसडीएम को दिये गए आवेदन में गढ़वाल ने मांग की है कि जल्द ही उनका भुगतान किया जाए। वहीं आवेदन में गढ़वाल ने चेतावनी दी है कि यदि उनके समस्त भुगतान नहीं हुए तो 15 अगस्त 2025 को सहायक संचालक विकासखंड अधिकारी कार्यालय के सामने आत्मदाह करेंगे। बुधवार को मामले में हरिभूमि ने स्थानीय अधिकारियों सहित शिक्षा विभाग के जिलाधिकारियों से संपर्क का प्रयास किया। लेकिन किसी से भी बात नहीं हो सकी है।

## बारिश थमी और गर्मी बढ़ी तो निकलने लगे जहरीले जीव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



क्षेत्र में सप्ताह भर से बारिश थमी हुई है तथा मौसम अत्यधिक गर्म हो गया है। तीव्र गर्मी का असर है कि सांप तथा गोहटा जैसे जहरीले जीव बिलों से निकलकर ठंडक की तलाश में खेतों व घरों की ओर पहुंचने लगे हैं। इस तरह के जहरीले जीवों के खेतों व आबादी की ओर पहुंचने की सूचना मिलने पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम तथा सर्पमित्र राहुल कुशवाहा जहरीले जीव पकड़ने तत्काल पहुंच भी रहे हैं। राहुल कुशवाहा ने बताया कि बारिश थमने के बाद पिछले एक सप्ताह में उन्होंने दर्जनों सर्प व गोहटे घरों व खेतों से पड़कर सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़े हैं।

**In The Court Of Civil Judge Class-II, tehshil Court Sohagpur, District Court,Hoshangabad**

Presiding Officer: तेजदीप सिंह सासन
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000021/2025)

कौशल्या बाई ....................वादी
VS
सर्वसाधारण ..........................प्रतिवादी

Process id-/2025
प्रेषिती- पेशी दिनांक:- 04/09/2025

(1) सर्वसाधारण पता-परसवाड़ा तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र.
यह कि प्रार्थी कौशल्या बाई ने आपके विरूद्ध सर्वसाधारण के लिए वाद संस्थित किया है, वादी क्रमांक 1 कौशल्या बाई के पति रमेश भारती एवं वादी क्रमांक 2 विनोद भारती के पिता रमेश भारती दोनों निवासी परसवाड़ा तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र., रमेश भारती दिनांक 11 मार्च 2009 को नर्मदाजी की परिक्रमा में जाने का बोलकर गये थे काफी समय हो जाने के उपरांत भी वापिस नहीं आये व उनको ढूढने पर भी नहीं मिले। तब वादी क्रमांक 1 कौशल्या बाई द्वारा पुलिस थाना सोहागपुर में दिनांक 11-06-2014 को गुम इंसान की रिपोर्ट कराई थी पुलिस को भी ढूढने के संबंध में कोई सफलता नहीं मिली। रमेश भारती पिता शंकर भारती के नाम पर ग्राम भौंती पटवारी हल्का नंबर गौरा मछबाई तहसील बाड़ी जिला रायसेन में शामिल शरीक भूमि खसरा नंबर 8/1 रकवा 0.4450 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 48 रकवा 0.9220 हेक्टेयर भूमि स्थित है। वादी क्रमांक 1 एवं 2 द्वारा इस बात की घोषणा चाही गई है कि रमेश भारती पिता शंकर भारती जाति गोस्वामी की मृत्यु हो गई है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 01 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**( तेजदीप सिंह सासन )**
**सिविल जज जूनियर डिवीजन**
**सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र.**

## श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में पार्थिव द्वादश ज्योतिर्लिंग का हुआ अभिषेक

# देवता हो या मानव बिना शिव पूजन के किसी का उद्धार नहीं हुआ, शिव के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लक्कड़गंज इटारसी में पिछले 12 दिनों से चल रहे पार्थिव द्वादश ज्योतिर्लिंग का रुद्राभिषेक एवं पूजन हवन के साथ समाप्त हुआ। अंतिम दिवस श्री धृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग के पूजन एवं रूद्राभिषेक के साथ चल रहे पार्थिव ज्योतिर्लिंग पूजन एवं रूद्राभिषेक का विश्राम हो गया। यजमान अमित दीपमाला मौर्य, संकल्प मौर्य के द्वारा घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग के पार्थिव ज्योतिर्लिंग का पूजन एवं रूद्राभिषेक किया गया। मुख्य आचार्य पं.विनोद दुबे,आचार्य पं.सत्येंद्र पांडेय,एवं आचार्य पं.पीयूष पांडेय के द्वारा पूजन एवं रुद्राभिषेक कराया जा रहा था।

12 दिवसीय आयोजन के विश्राम दिवस पर पंडित विनोद दुबे ने प्रवचन देते हुए कहा कि शिव ही ब्रम्हा और विष्णु है। शिव साक्षात परम सत्य है। शिव शून्य है तो शिव अनंत भी है। शिव के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है चाहे देवता हो या मानव बिना शिव पूजन के किसी का उद्धार नहीं हुआ। सावन मास में शिव पूजन का विशेष फल मिलता है।

पं. विनोद दुबे ने द्वादश ज्योतिर्लिंग पूजन और अभिषेक के साथ विश्राम समारोह के अवसर पर भगवान धृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग की महिमा बताते हुए कहा कि श्री धृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग की महिमा और इतिहास काफी पुराना है। इस ज्योतिर्लिंग के दर्शन बिना बारह ज्योतिर्लिंग की यात्रा अधूरी मानी जाती है। पार्थिव द्वादश ज्योतिर्लिंग पूजन एवं रुद्राभिषेक का विश्राम हवन एवं आरती के साथ बुधवार को श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लकड़गंज इटारसी में हो गया। श्री पार्थिव द्वादश ज्योतिर्लिंग के 12 दिवसीय अनुष्ठान का शाम 5:30 बजे विश्राम हो गया है। और उसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर समिति की ओर से अध्यक्ष प्रमोद पगारे सचिव जितेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीपक जैन उपाध्यक्ष अमित मौर्य, सुनील दुबे शिक्षक सुरेंद्र राजपूत ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी भक्तों को धन्यवाद दिया।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मनाया गया लालन पालन सप्ताह




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शुरुआती बाल विकास और देखभाल के लिए सशक्त बनाने के प्रशिक्षण लालन-पालन के अंतर्गत शुरुआती बाल विकास देखभाल ,सुनहरे 1000 दिवस का महत्व, बच्चों की देखभाल के लिए जरूरी घटक ,और देखभाल में पिता की भागीदारी, बच्चों के पूर्ण विकास के लिए पांच जरूरी घटक ,लालन-पालन बैठक के दौरान वीडियो का इस्तेमाल आदि महत्वपूर्ण विषयो पर डॉक्टर वंदना शुक्ला जिज्ञासा कौर आदर्श मिश्रा साक्षी यादव आदि की टीम द्वारा ग्राम पंचायत समोन में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मां का दूध है सबसे अच्छा स्वस्थ रहे पिए जो बच्चा स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत ग्राम सामोन की महिलाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्तनपान से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया जिस अवसर पर सभी को माननीय मंत्री महोदय द्वारा दिए गए उद्बोधन को सुनाया गया।

### किसान की ग्रेडिंग की गई मूंग को वेयरहाउस ने किया रिजेक्ट,किसान ने की शिकायत

**सोहागपुर।** के गजनई वेयरहाउस के मालिक द्वारा किसान की अच्छी मूंग रिजेक्ट करने की शिकायत सोहागपुर एसडीएम से की गई है। किसान अमरसिंह पटेल आयु 63 वर्ष पुत्र रणधीर सिंह पटेल निवासी भौंखेड़ीकला तहसील सोहागपुर ने सोहागपुर एसडीएम को लिखित शिकायत की है। जिसके अनुसार गजनई वेयरहाउस में शासकीय सर्वेयर ने तीन अगस्त को आवेदक की मूंग का सैंपल लिया, ग्रेडिंग की बात कही व सैंपल पास किया। सर्वेयर ने कृषक को पास व टोकन दिये जिसके बिल व रसीदें आवेदक के पास हैं। लेकिन 05 अगस्त 2025 को वेयरहाउस मालिक ने कहा कि किसान की 45 क्विंटल मूंग लेने लायक नहीं है क्योंकि डिसकलर्ड है। आवेदक ने वेयरहाउस मालिक पर मिलीभगत से गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। आवेदक ने प्रशासन से न्याय की अपेक्षा की है।

## खबर संक्षेप

### हरदा में हॉकी फीडर सेंटर हेतु चयन ट्रायल आज

**हरदा।** जिला खेल और युवा कल्याण विभाग, हरदा द्वारा संचालित जिला हॉकी फीडर सेंटर (बालक वर्ग) में वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश हेतु चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। यह ट्रायल गुरूवार को शाम 4 बजे से नेहरू स्टेडियम, हरदा में आयोजित किया जाएगा। संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार यह ट्रायल 8 से 14 वर्ष की आयु के सामान्य खिलाड़ी जो 31 जुलाई 2025 की स्थिति में इस आयु वर्ग में आते हों तथा 18 वर्ष तक के विशेष प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए खुला रहेगा।

### किसानों को नहीं मिल रहा भुगतान

**रहटगांव।** जिला सहकारी बैंक रहटगांव में अपने ही रुपयों के लिए परेशान हैं। कृषक बबलू पटेल, दुर्गा गौर, आनंद सिंह, विवेक गुर्जर कृषक बेनी शंकर गौर , दीपक गौर, सालक राम यादव ने बताया कि खाते में पैसे आए हुए 10 दिन से ऊपर हो गए हैं। लेकिन उन्हे अभी तक भुगतान नहीं मिल रहा है। बैंक के चक्कर लगा रहे हैं। कुछ किसानों का कहना है कि वह वनग्राम से 45 किलोमीटर दूरी से आ रहे हैं और बैंक के चक्कर लगा रहे हैं। हमारा पैसा हमें ही नहीं मिल रहा है।

### श्रीराम और श्रीकृष्ण का मनाया जन्मोत्सव

**सीहोर।** भागवत कथा का श्रवण करने से हमारे पापों का अंत होता है, भागवत वही अमर कथा है, जिसे भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाया था। कथा सुनना भी सबके भाग्य में नहीं होता है, जब भगवान भोलेनाथ से माता पार्वती ने अमर कथा सुनाने की प्रार्थना की तो बाबा भोलेनाथ ने कहा कि जाओ पहले यह देखकर आओ की कैलाश पर तुम्हारे या मेरे अलावा कोई और तो नहीं है। क्योंकि, यह कथा सबके नसीब में नहीं होती है। माता ने पूरे कैलाश पर नजर दौड़ाई, लेकिन उनकी नजर शुक के अपरिपक्व अंडों पर नहीं पड़ी। उक्त विचार शहर के बस स्टैंड के समीपस्थ जारी सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे। मंगलवार को आस्था और उत्साह के साथ भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारें लगाए। उन्होंने कहाकि भगवान शंकर ने पार्वती को जो अमर कथा सुनाई वह भागवत कथा ही थी। लेकिन, कथा के बीच ही माता पार्वती को नींद आ गई और शुक ने पूरी कथा सुन ली। दूसरे दिन भागवत कथा में अमर कथा व शुकदेव के जन्म का वृतांत विस्तार से सुनाया। पूर्व जन्मों के पाप का ही प्रभाव होता है कि कथा बीच में छूट जाती है। भगवान की कथा मन से नहीं सुनने से जीवन में धार्मिकता नहीं आ पाती। कथा सुनने से चित्त पिघलता है और पिघला चित ही भगवान को अपने में बसा सकता है। श्री शुक देव द्वारा चुपके से अमर कथा सुन लेने के कारण जब भोले बाबा शंकर ने उन्हें मारने के लिए दौड़ाया तो वह एक ब्राह्मणी के गर्भ में छुप गए। कई वर्षों बाद व्यास के निवेदन पर भगवान शंकर इस पुत्र के ज्ञानवान होने का वरदान देकर चले गए।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 51 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने समस्याओं के आवेदन लिए।

## नाराज किसानों ने कलेक्टर ऑफिस पहुंचकर की नारेबाजी

# रातभर लाइन में लगे रहे किसान बारी आई तब तक खत्म हुआ खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात से लाइन में खड़े किसानों को टोकन मिलने के बाद भी यूरिया नहीं मिल पाई। बुधवार दोपहर नाराज किसानों ने पुलिस की मौजूदगी में हंगामा कर यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की। जब उन्हें गोदामों में स्टॉक खत्म होने की जानकारी मिली तो वो कलेक्ट्रेट पहुंच गए। उन्होंने प्रशासन से खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। इस दौरान तेज धूप और गर्मी में लाइन में खड़े लछोरा गांव निवासी अर्जुन कीर की तबीयत खराब हो गई। बता दें कि इस साल किसानों ने सोयाबीन की जगह मक्का की खेती का रकबा तीन गुना बढ़ाया है, लेकिन समय पर यूरिया न मिलने से फसल को नुकसान का खतरा बढ़ रहा है। मंगलवार को प्रशासन ने एमपी एग्रो, डीएमओ गोदाम और सोसाइटी के माध्यम से खाद वितरण की जानकारी दी, जिसके बाद सैकड़ों किसान देर शाम से ही गोदामों पर पहुंच गए। किसान बैरिकेड के बीच मच्छरों से जूझते हुए रात भर जागकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। विपणन संघ के प्रबंधक योगेश मालवीय ने बताया कि बुधवार को जिले में 1 हजार 100 मीट्रिक टन यूरिया कॉपरेटिव एवं 300 मीट्रिक टन यूरिया प्राइवेट डीलरों को दिया गया। जिला मुख्यालय पर मार्कफेड के दो, प्राइवेट के दो एवं एमपी एग्रो के एक गोदाम से यूरिया वितरण किया गया। इसके अलावा करीब 11 सोसायटियों को भी यूरिया भेजा गया। कृषि विभाग ने प्राइवेट डीलरों के नाम सार्वजनिक नहीं किए, जिसके चलते डीएमओ गोदाम पर किसानों की भीड़ लग गई।



### तीन थानों की पुलिस को तैनात किया गया

बुधवार दोपहर एक बजे खाद लेने लाइन में लगे किसानों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। वहां तीन थानों की पुलिस को तैनात किया गया है। पुलिस ने किसानों को धूप से बचाने के लिए खुद टोकन बांटना शुरू किया है। किसानों का कहना है कि अब उन्हें फसल बचाने के लिए यूरिया की तत्काल जरूरत है। इसलिए वे पूरी रात लाइन में रहकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि फसल बोने के एक महीने बाद भी एक बार यूरिया नहीं मिल पाया है, जिससे मक्का की फसल पीली पड़ने लगी है। किसानों का कहा कि वे रात से लाइन में लगे हैं, लेकिन बारी आने तक खाद खत्म हो गया। उन्होंने बताया कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। वो पहले कई बार खाली हाथ लौटे हैं।

### रैक लग रही है

कृषि उप संचालक जवाहरलाल कास्दे के मुताबिक खरीफ सीजन के लिए कुल 24 हजार 500 मीट्रिक टन खाद की जरूरत है, जिसमें से 22 हजार मीट्रिक टन खाद पहले ही आ चुकी है। उन्होंने बताया कि जिले में लगातार खाद की रैक लग रही है और किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराई जा रही है।

## सहयोगी एवं भरोसेमंद छबि निर्मित हो

# शासकीय चिकित्सक मरीजों से उत्तम व्यवहार रखें: कमिश्नर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के.जी. तिवारी ने कहा है कि जिले के सभी एसडीएम अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत स्कूलों, आंगनबाड़ियों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों के संचालन की नियमित निगरानी करें। वे मैदानी क्षेत्रों का सतत भ्रमण कर सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के प्रति सजग रहें। विकास कार्यों पर भी उनकी नजर रहे। अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों का दायित्व है कि उनके क्षेत्र अंतर्गत सभी शासकीय मैदानी इकाईयां मुस्तैदी से कार्य करें। बुधवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में संभागायुक्त ने कहा कि शासकीय अस्पतालों के चिकित्सकों का विपरीत परिस्थितियों में भी मरीजों से संयम के साथ उत्तम व्यवहार रहे। स्वास्थ्य विभाग की आमजन के विभाग की आमजन के बीच सहयोगी एवं भरोसेमंद छबि स्थापित रहे। बैठक में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, उपायुक्त जी.सी. दौहर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### राजस्व वसूली कार्य में गति लाने के निर्देश

बैठक में राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने राजस्व वसूली कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। पीएम किसान योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में पीएम किसान योजना के 98 प्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवायसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिस पर उन्होने कहा कि प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर शतप्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण की जाए। किसानों का बैंक खातों से आधार लिंकिंग का कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण हो। बैठक में उन्होने फार्मर रजिस्ट्री एवं वन व्यवस्थापन के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि सीमांकन के दर्ज प्रकरणों में 1238 प्रकरण निराकृत किये जा चुके है, 27 प्रक्रियाधीन है। इसी तरह के बंटवारा के 595 प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है। रास्ता विवाद के 31 प्रकरण भी निराकृत किये गये हैं। इसी तरह अभिलेख दुरूस्ती के 515 प्रकरणों का भी निराकरण किया जा चुका है। आयुक्त ने उक्त सभी में शेष प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होने सायबर तहसील के माध्यम से निराकृत किये जा रहे मामलों की भी समीक्षा की। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये।

### प्रगतिरत कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तिय वर्ष में मनरेगा अंतर्गत 1057 कार्य पूर्ण किये जा चुके है एवं 7632 कार्य प्रगतिरत हैं। आयुक्त ने प्रगतिरत कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए मजदूरों के समय पर भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजना अंतर्गत पुराने कार्य ज्यादा समय लंबित न रहें। ह्यह्यएक बगिया माँ के नामह्नह्न योजना अंतर्गत शीघ्रता से हितग्राहियों के चयन का कार्य पूर्ण कर आगामी 15 अगस्त से बगिया निर्माण कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये। माँ नर्मदा परिक्रमा पथ के 5 स्थानों पर 500-500 पौधों के रोपण की भी अविलम्ब तैयारी करने के लिये निर्देश दिये गये। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत जिले में लक्ष्य के विरूद्ध 95.10 प्रतिशत आवास निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आवास प्लस में लक्ष्य के विरूद्ध 90.75 प्रतिशत आवास स्वीकृत किये जा चुके हैं। एसआरएलएम अंतर्गत रोजगार मेलों के आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता के बेहतर कार्य करने की बैठक में अपेक्षा की गई। ग्रामीण यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभाग अंतर्गत निर्माणाधीन कुल 32 कार्यों में से वित्तीय वर्ष में 5 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 27 प्रगतिरत हैं, जिनको समय सीमा में पूर्ण करने के आयुक्त द्वारा निर्देश दिये गये। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत सभी पेंशन हितग्राहियों की ई-केवायसी का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के लिये विभागीय अधिकारी को पाबंद किया गया।

### स्वीकृति संबंधी प्रकरण बगैर किसी कारण के लंबित न रहे

नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा के दौरान आमजन की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता संबंधी शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में निर्देश दिये गये कि हितग्राहियों के सहायता स्वीकृति संबंधी प्रकरण बगैर किसी उचित कारण के लंबित न रहे। जनपद सीईओ संबंधित लिपिकों की शाखाओं का निरीक्षण कर देखें कि कोई कार्यवाही अनावश्यक लंबित तो नहीं है। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवनों की पूर्णता की स्थिति की जानकारी ली गई। साथ ही कहा गया कि आंगनवाड़ियां नियमित खुलें तथा उनसे मिलने वाले लाभ के परिणाम दिखें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान बच्चों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के टीके लगाने पर जोर दिया गया। इसी तरह खाद्य सुरक्षा विभाग को खाद्य संस्थानों पर बिकने वाली सामग्री की नियमित जांच के निर्देश दिये गये। आयुष विभाग अंतर्गत पंचकर्म चिकित्सा व्यवस्था से ज्यादा-ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिये कहा गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं पेयजल स्त्रोतों के क्लोरिनेशन के निर्देश दिये गये। इस दौरान कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने विभिन्न विभागों अंतर्गत संचालित गतिविधियों से आयुक्त को अवगत कराया।

## अमृत भारत योजना में कार्य जारी

# रेलवे स्टेशन पर जारी निर्माण कार्यों का डीआरएम ने किया निरीक्षण, समय पर पूरे करने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अमृत भारत योजना के तहत हरदा रेलवे स्टेशन पर 32 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण काम चल रहा है। बुधवार को भोपाल मंडल के रेल प्रबंधक (डीआरएम) पंकज त्यागी ने निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि सभी काम अच्छी गुणवत्ता से और समय पर पूरे किए जाएं। डीआरएम त्यागी विशेष रेल कोच से भोपाल से इटारसी पहुंचे और वहां भी निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने बानापुरा स्टेशन का निरीक्षण किया। दोपहर करीब डेढ़ बजे वे हरदा स्टेशन पहुंचे। हरदा स्टेशन पर उन्होंने प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 को देखा, टिकट काउंटर की व्यवस्था की जांच की और स्टेशन पर लगे निर्माण के नक्शे को देखकर इंजीनियर से जानकारी ली। इसके अलावा, पुरानी बिल्डिंग के ऊपर बन रहे नए प्रतीक्षालय, स्टेशन परिसर और मुख्य गेट का भी निरीक्षण किया। पत्रकारों से बात करते हुए डीआरएम त्यागी ने बताया कि वे अमृत भारत योजना के तहत हो रहे कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिसंबर तक हरदा स्टेशन का सौंदर्यीकरण (सुंदर और सुविधाजनक बनाना) पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान स्थानीय प्रतिनिधियों ने ज्ञापन देकर हरदा स्टेशन पर सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज मिलने की मांग की। इसके साथ ही टिकट काउंटर रात 8 बजे तक खुला रखने की मांग की। इसके साथ कहा कि हरदा से नागपुर तक सीधी ट्रेन शुरू की जाए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद व्यास ने कहा कि नागपुर इलाज के लिए जाने वाले मरीजों को सीधी ट्रेन न होने से परेशानी होती है। व्यापारी संघ अध्यक्ष सरगम जैन ने बताया कि कई जगहों के लिए हरदा से सीधी रेल सुविधा नहीं है।



# 9 दिन से चल रहे रामायण पाठ का हुआ समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

बालेश्वर धाम ग्राम बालागांव में चल रहे नवदिवस के परायण का समापन हुआ। जिसमे ग्राम के सभी ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों का कहना है कि यह परायण के पाठ का आयोजन लगभग 25 सालों से लगातार किया जा रहा है। समापन में भगवान राम एवं भगवान हनुमान की भव्य आरती एवं काकड़ आरती की गई। आरती के बाद ज्वारों का विसर्जन ग्राम के पास मटकुल नदी में किया गया। इसके बाद गांव में कन्या भोजन का आयोजन किया गया।

12 अगस्त तक सात दिवसीय संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ

# श्रावणी पूर्णिमा रक्षाबंधन के दिन को विश्व संस्कृत दिवस के रूप में मनाते हैं, क्योंकि इस दिन प्राचीन भारत में शिक्षण सत्र शुरू होता था: अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

डा. बी.आर. अंबेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में बुधवार से सात दिवसीय संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रार्थना सभा में उपस्थित सभी विद्यार्थियों .शिक्षकों. अभिभावकों एवं आमंत्रित अतिथियों को तिलक लगाया गया। संस्था की संस्कृतभाषा शिक्षिका एवं जिला संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी हेमलता अग्रवाल ने बताया कि 6 अगस्त से 12 अगस्त तक सात दिवसीय संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ हुआ। उन्होंने प्रार्थना सभा में उपस्थित सभी बच्चों को बताया कि श्रावणी पूर्णिमा रक्षाबंधन के दिन को विश्व संस्कृत दिवस के रूप में मनाते हैं। क्योंकि इस दिन प्राचीन भारत में शिक्षण सत्र शुरू होता था तथा गुरुकुल में पढ़ने वाले विद्यार्थी वेद , शास्त्रों तथा पाठ्यक्रम को पढ़ाना प्रारंभ करते थे। अग्रवाल ने बताया कि संस्कृत भाषा केवल एक भाषा नहीं बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति की आत्मा है वेद ,उपनिषद ,रामायण ,महाभारत, योग, आयुर्वेद नाट्यशास्त्र इन सब का मूलआधार संस्कृत ही है। संस्था के प्राचार्य संतोष कुमार यादव ने बताया की 6 अगस्त से 12 अगस्त तक विद्यालय में विभिन्न प्रकार की संस्कृत आधारित गतिविधियों व स्पर्धाओं का आयोजन होगा। जिसमें संस्कृत गीत ,कविता ,नाटक ,नृत्य , श्लोक गायन संस्कृत क्युज प्रतियोगिता व संस्कृत क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन होगा। तथा संस्कृत सप्ताह समापन में संस्कृत विद्वानों का बौद्धिक इत्यादि विभिन्न गतिविधियों में श्रेष्ठ व उत्कृष्ट स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक अशोक गुजरे. नितिन सोनी , नारायण सिंह माल्या ,मयंक तिवारी, हरीश सिसोदिया ,ललित ओंकार ,धर्मेंद्र चंदेल, रमेश अहिरवार, अरविंद शर्मा, शोभा राय, श्रीलता कुट्टी ,वंदना घोष ,मनीषा जोशी, भारती कुशवाहा, किरण शर्मा नेहा मिश्रा, सोनाली पारोचे, प्रियंका सोनी, जागृति पाठक, सुरभि यादव ,शीतल श्रीवास्तव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



## स्कूल का बरामदा बिलकुल रेलवे स्टेशन जैसा नजर आता है, आप दूर से इस स्कूल को देखेंगे तो यही लगेगा

# वनांचल के कायदा में हाई स्कूल में बच्चे ट्रेन के डिब्बों में बैठकर करते हैं पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

यदि आपको जानकारी लगें की बच्चे ट्रेन के डिब्बो में बैठकर पढ़ाई करते हैं तो आप को यह अचरज लगेगा। आप सोच रहे होंगे कि यह कोई ट्रेन है जिसमें स्कूल के बच्चे जा रहे हैं। लेकिन हकीकत कुछ और है। पहली बार देखने में यह कहीं से भी किसी स्कूल की क्लास तो नहीं ही लगती। इस पूरे स्कूल को बेहतरीन तरीके से डिजाइन किया गया है। कायदा की शिक्षा एक्सप्रेस में सवार इस विद्यालय में बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल का बरामदा बिलकुल रेलवे स्टेशन जैसा नजर आता है। आप दूर से इस स्कूल को देखेंगे तो यही लगेगा कि रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी है। जानकारी के मुताबिक वनांचल की एक मात्र स्कूल पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल कायदा जो कि चित्रकला एवं पेंटिंग का एक आकर्षण केंद्र बना हुआ है।

स्कूल की दीवारों पर बच्चों को सीखने सिखाने के लिए कई प्रकारों की पेंटिंग चित्रकला की गई है। जिससे शाला सुंदर एवं स्वच्छ एक आकर्षण बनी हुई है। जिस विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति तथा नामांकन में भारी बदलाव आया विद्यालय के समस्त शिक्षक साथियों ने भरपूर मेहनत कर संस्था प्रमुख कमल सिंह भलावी के मार्गदर्शन में आगे कदम बढ़ाया हैं। शाला प्रभारी के द्वारा बताया गया कि विभाग के डी ई ओ एवं डी पी सी तथा बी ई ओ के मार्गदर्शन में सरकार की समस्त योजनाओं को छात्र तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

भाजपा मंडल कायदा सतीश इवने ने बताया की शिक्षकों ने स्कूल को जब रेलवे स्टेशन जैसा लुक देने का प्रस्ताव रखा गया तो यह बच्चों को भी बेहद पसंद आया और अब देखिए यह रेलवे स्टेशन के रूप में कैसा नजर आता है। सहायक संचालक बलवंत पटेल ने बताया की कायदा में पीएम श्री योजना के तहत आकर्षक पेंटिंग के माध्यम से बच्चों का ध्यान आकर्षित एवं पढ़ाई में नवाचार किया गया है। जिले में 8 पीएम श्री विद्यालय को इस योजना के तहत नवीन स्वरूप दिया जा रहा है ।वनांचल में यह पहला स्कूल होगा ,जिसको ऐसा लुक दिया गया है। वहीं इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी डी एस रघुवंशी ने बताया की कायदा में पीएम श्री योजना के तहत दिवारो पर पेंटिंग कराई गई है शासन की मंशानुरूप बच्चों का पढ़ाई में मन लगा रहें इसके लिए शिक्षा विभाग प्रयासरत हैं।




